# बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग

पत्रांक ........................................................................................ / पटना, दिनांक— ...........................

06 / पणन(स0)–207 / 2023

सेवा में,

**महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰),**
बिहार, पटना।

**विषय :–** **बिहार राज्य भंडार निगम अन्तर्गत किशनगंज में 2 \ 5000 मे0टन0 के स्वीकृत नये विभागीय गोदाम निर्माण के लिए कुल स्वीकृत राशि रू0 13,26,64,000 / – के विरूद्ध रू0 3,88,48,380 / – की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये जाने के उपरांत अवशेष राशि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल रू0 9,38,15,620 / – (नौ करोड अडतीस लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में।**

**आदेश :–** **स्वीकृत।**

महाशय,

बिहार राज्य भंडार निगम अन्तर्गत किशनगंज में 2 \ 5000 मे0टन0 के नये विभागीय गोदाम के निर्माण के लिए मुख्य अभियंता, बिहार राज्य भंडार निगम द्वारा तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर राज्य योजना से कुल रू0 13,26,64,000 / – (तेरह करोड छब्बीस लाख चौसठ हजार) मात्र व्यय की योजना की स्वीकृति की अनुशंसा स्कीम स्क्रीनिंग समिति एवं विभागीय स्थायी वित्त समिति द्वारा प्रदान की गई है।

उक्त अनुशंसित योजना प्रस्ताव के आलोक मे कुल स्वीकृत राशि रू0 13,26,64,000 / – के विरूद्ध रू0 3,88,48,380 / – की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये जाने के उपरांत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में शेष **रू0 9,38,15,620 / – (नौ करोड़ अड़तीस लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) मात्र** के निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**2.** उपर्युक्त स्वीकृत राशि रू0 9,38,15,620 / – (नौ करोड़ अडतीस लाख पन्द्रह हजार छः सौ बीस) मात्र वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–09 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष– 2408– खाद्य, भंडारण तथा भंडागार, उप मुख्यशीर्ष–02 भंडारण और भंडागारण, लघु शीर्ष–190 सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों एवं अन्य उपक्रमों को सहायता, उप शीर्ष– 0101, बिहार राज्य भंडार निगम को गोदाम निर्माण हेतु अनुदान, विस्तृत शीर्ष– 31, सहायता अनुदान, विषय शीर्ष 05 सहायक अनुदान परिसंपतियो के निर्माण, विपत्र कोड– 09–2408021900101 अन्तर्गत राज्य योजना से विकलनीय होगी।

**3.** इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे जो उपलब्ध आवंटन के अन्तर्गत राशि की निकासी कर बिहार राज्य भंडार निगम, पटना के Axis Bank Ltd., Boring Canal Road Branch, Patna-800001 खाता संख्या– 918020089956951, IFS CODE- UTIB0003515 में स्थानांतरित करेंगे। इसके लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

**4.** निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी वित्त विभाग, बिहार पटना का पत्रांक–2561 दिनांक–17.04.1998 एवं संकल्प संख्या–7245 दिनांक–26.09.2018 के पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे साथ ही राशि की निकासी एवं व्यय करने में बिहार कोषागार संहिता तथा बिहार वित्तीय नियमावली के सुसंगत प्रावधानों तथा वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों / अद्यतन अनुदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

क्र0पृ0उ0

5. इस राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए किया जायेगा, जिस कार्य के लिए स्वीकृति दी गई है किसी अन्य मद में राशि का उपयोग कदापि नहीं किया जायेगा इसके लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे।

6. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, वित्त विभाग के पत्रांक 4989 / वि0(2) दिनांक 16.05.2013 के आलोक में अंकित तथ्यों का अनुपालन करेंगे। साथ हीं उपर्युक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र 18 (अठारह) माह के अंदर प्राप्त कर महालेखाकार, बिहार, पटना को तथा निबंधक, सहयोग समितियाँ के माध्यम से सहकारिता विभाग को प्राप्त करायेंगे।

7. योजना की स्वीकृति स्कीम स्क्रीनिंग समिति की बैठक दिनांक 09.01.2025 (कार्यवाही ज्ञापांक 55 / लो0वि0 दिनांक 09.01.2025) के द्वारा प्रदान की गई है। साथ हीं विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक दिनांक 10.01.2025 द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए माननीय विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन (संचिका संख्या 06 / पणन(स0)–207 / 2023 के पृष्ठ संख्या 79 / टि0 पर) प्राप्त है।

8. स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या 06 / पणन(स0)–207 / 2023 के पृष्ठ संख्या 86 / टि0 पर दिनांक– 17-04-2025 को प्राप्त है।

9. इस राशि की स्वीकृति सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचिका संख्या 06 / पणन(स0)–207 / 2023 के पृष्ठ संख्या 88 / टि0 पर दिनांक– 17-04-2025 को प्राप्त है।

ह0/-
(अभय कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक 32 / पटना, दिनांक 17/04/2025
06 / पणन(स0)–207 / 2023

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफे के साथ।
2. प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / महालेखाकार (लेखा परीक्षा बिहार, पटना) एवं प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना / सचिव, सहकारिता विभाग बिहार, पटना के आप्त सचिव / निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना / अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–03 (बजट) सहकारिता विभाग, बिहार, पटना / विपत्र लिपिक कार्यालय निबंधक स०स०, बिहार, पटना / आई0टी0 मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना।

17-4-25

सरकार के अपर सचिव।

10